तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 21 दिसंबर 2023

11 प्रदेश के जेलों में निरूद्ध प्रत्येक महिला बंदी एवं...



12 केंद्र व प्रदेश सरकार की अंत्योदय की भावना से...





## खबर संक्षेप

### पंडित सुंदरलाल शर्मा जयंती मनाई जाएगी आज



**राजिम।** त्रिवेणी संगम साहित्य समिति द्वारा 21 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के गांधी पंडित सुंदरलाल शर्मा की जयंती मनाई जाएगी। शाम को कवि सम्मेलन साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन होगा। मुख्य अतिथि रेखा जितेंद्र सोनकर अध्यक्ष नगर पंचायत राजिम होंगी। अध्यक्षता मकसूदन साहू करेंगे। विशेष अतिथि रामकुमार गोस्वामी ,रेखा-कुलेश्वर साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत राजिम, डॉ. महेंद्र साहू ,झाड़ू साहू ,मंदेश्वरी कुमार होंगे।

### पुराने बोनस की राशि से कोई किसान वंचित नहीं होगा



**नवापारा-राजिम।** भाजपा सरकार द्वारा पुराने दो वर्ष के बोनस की राशि देने की कवायद प्रशासनिक स्तर पर प्रारम्भ हो गया है। इस संबंध में पूर्व कृषि मंत्री चन्द्रशेखर साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के ध्यान में यह विषय लाया था कि जिस किसान का फौत हो चुका है ,बैंक खाता बंद हो चुका और कृषि भूमि से भी नाम डिलिट हो चुका है ऐसे मृत किसानों के वारिसानों को बोनस की राशि प्राप्त करने में दिक्कत होगी। विषय की गंभीरता को समझते हुए नए मुख्यमंत्री श्री साय ने तत्काल तत्सम्बन्धी आदेश मुख्य सचिव को दिया। जिला सहकारी बैंक के सभी शाखा प्रबंधको को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी बैंक मर्यादित के द्वारा आदेश दिया गया है कि एनआईसी द्वारा सीसीबी माडल में धान खरीदी 2015-16 के अन्तर्गत किसानों के बोनस भुगतान हेतु असत्यापित कृषकों के खातों की शाखा पर सूची उपलब्ध करा दी गई है। सूची अनुसार असत्यापित कृषकों और उनके परिजनो से सम्पर्क करने आवश्यक संशोधन हेतु अधीनस्थ समितियों को निर्देशित करें तथा सीसीबी माडल में खाता संशोधन का कार्य 2 दिवस के भीतर पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें ।
रफोटो नं 01 एवं चन्द्रशेखर साहू का पीपी साइज फोटो

### आपदा से मौत, परिजन को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**गरियाबंद।** प्राकृतिक आपदा में मृत्यु होने पर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मैनपुर के प्रस्ताव अनुसार ग्राम सिहार जिडार निवासी थानू राम नेताम की मृत्यु 10 मार्च 2023 को तालाब में डूबने से होने पर कलेक्टर आकाश छिकारा ने उनकी पत्नी श्रीमती रजबती नेताम के लिए 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। उन्हें जल्द ही राशि प्रदान की जाएगी।

### साहू समाज की बैठक एवं आदर्श विवाह 23 को

**फिंगेश्वर।** साहू समाज बोरसी परिक्षेत्र के तत्वावधान में 23 दिसंबर को बाबा कुटी आश्रम में सुबह 11 बजे बैठक एवं आदर्श विवाह का कार्यक्रम आहूत रखा गया है। बैठक एवं कार्यक्रम में साहू समाज के पदाधिकारी कार्यकर्ता को शामिल होंगे। जिसका उद्देश्य साहू समाज को रचनात्मक दिशा मे ले जाने की पहल है। कार्यक्रम मे ग्राम बिजली के वीरसिंग साहू की पुत्री नेहा साहू और ग्राम खुडियाडिह के हरि राम साहू के पुत्र चेतन साहू का आदर्श विवाह दोनों पक्षों के सहमति से किया जा रहा है। बोरसी परिक्षेत्र साहू समाज द्वारा कार्यक्रम संपन्न होगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष गोवर्धन साहू,सचिव चम्मन साहू,उपाध्यक्ष ओंकार साहू महिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुनिती साहू सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थित होंगे। उक्त जानकारी मिडिया प्रभारी जागेश्वर साहू ने दी है।


# उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में दिखा दुर्लभ प्रजाति का मूसक हिरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अलग खबर

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र के जंगलों में हिरण प्रजाति में सबसे दुर्लभ माने जाने वाला मूसक हिरण दिखा है। मूसक हिरण की कई तस्वीरें ट्रैप कैमरे में कैद हुई हैं। संख्या और लिंग का पता लगाने अभ्यारण्य प्रशासन एक्सपर्ट के पास तस्वीर भेजी गई। अब इस दुर्लभ जीव के संरक्षण के लिए इलाके के ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर जागरुकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। दुर्लभ प्रजाति के वन भैंसों के लिए विख्यात उदन्ती सीतानदी टाईगर रिजर्व में एक और दुर्लभ जीव का नाम शुमार होने जा रहा है। अभयारण्य के अलग अलग इलाकों में ट्रैप कैमरे में मूसक हिरण की तस्वीर कैद हुई है।

## दुर्लभ पशु की सुरक्षा के लिए चलाएंगे जागरुकता कार्यक्रम





### झुंड में नहीं अकेले घूमता है रात को

बताया जा रहा है यह देशभर में हिरण प्रजाति का सबसे छोटा प्रजाति है। वन्य प्राणि अधिनियम 1972 में मूसक हिरण को अति दूर्लभ वन्य प्राणी का दर्जा दिया गया है। अधिकतम 23 इंच लंबे और 15 इंच उंचे इस जीव की प्रवृत्ति रात्रि विचरण करने की होती है। अन्य हिरणों की तरह झुंड में रहने के बजाए यह अकेले ही सुरक्षित एवं एकांत वातारण में विचरण करता है। शीत ऋतु में प्रजनन काल होता है। अधिकतम दो बच्चे एक साथ जन्म देता है। नर व मादा दोनों के अलग-अलग तस्वीर होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि कैद तस्वीर एक या उससे ज्यादा मूसक हिरण की है। ये काफी दुर्लभ प्रजाति के हिरण हैं। इनकी उंचाई एक फीट और वजन 3 किलो के आसपास होता है। इसके संरक्षण तथा संवर्धन के लिए सभी को आगे आने जी जरूरत है।

### 6 माह पूर्व कांगेर घाटी में भी माउस डियर की तस्वीर हुई थी कैमरे में कैद

भारत में पाए जाने वाले हिरणों की 12 प्रजातियों में माउस डियर विश्व में सबसे छोटे हिरण समूह में से एक है। अतिक्रमण और शिकार की वजह से इंडियन माउस डियर की आबादी पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। लगभग 6 माह पूर्व कांगेर वेली नेशनल पार्क में भी इस दुर्लभ माउस डियर की तस्वीर कैमरा में कैद हुई थी ।

## समस्या: ग्रामीण जान जोखिम में डालकर राशन लेने पहुंचते हैं 8 किलोमीटर दूर

# सड़क के लिए कई बार सर्वे लेकिन अब तक नहीं बन पाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा वनांचल के ग्रामों को शहरों से जोडने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना प्रारंभ की गई है। जिसके चलते दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों की दूरी सड़क बन जाने से कम हो रही है। वही वनांचल क्षेत्रों के ग्रामों में सडक के निर्माण से मूलभुत सुविधाए भी आसानी से पहुंचती है।

- विभिन्न योजनाओं से की जाती है सड़क मरम्मत

मैनपुर विकासखण्ड मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर तुहामेंटा से उसके आश्रित ग्राम नारीपानी कंवरआमा जो उंची पहाडी पर बसा है। इस ग्राम तक पहुंचने के लिए पगडंडी सड़क का निर्माण किया गया है। समय- समय पर रोजगार गांरटी व अन्य योजना के तहत सडक का मरम्मत भी की जाती है। इन ग्रामों में सड़क निर्माण नहीं होने के कारण मूलभूत समस्याओं से लोगों को जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा कंवरआमा नारीपानी तक पक्की सडक निर्माण की मांग किया गया था।

जिसके बाद दो वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना द्वारा लगातार दो से तीन बार इस सडक का सर्वे कार्य भी किया जा चुका है। लेकिन अब तक सडक निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल नही करने से यहा कंवरआमा और नारीपानी के ग्रामीणों को पैदल 8 किलोमीटर राशन लेने के लिए तुहामेंटा तक आना पड़ता है। तब कही जाकर उन्हें राशन, चांवल, दाल, मिटटीतेल नसीब हो पाता है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने मांग किया है कि एक बार फिर इस सडक निर्माण के लिए ठोस पहल किया जाए ताकि आदिवासी कमार जनजाति के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।





### प्रपोजल भेजेंगे

सर्वे करने वाले अधिकारियों ने बताया था कि बहुत कम लागत में यह सडक का निर्माण किया जा सकता है। इसके लिए आगे शासन प्रशासन स्तर पर प्रपोजल भेजने की बात कही गई थी। सड़क के बन जाने से ग्रामीणों को काफी फायदा होगा।

# विधायक रोहित व सांसद चुन्नीलाल का भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

राजिम विधायक रोहित साहू व महासमुंद के सांसद चुन्नीलाल साहू ,युवा नेता राजू साहू का नगर के युवकों ने जमकर स्वागत किया। जेसीबी में चढ़कर पुष्प वर्षा की, वहीं दूसरी जेसीबी में विधायक, सांसद ने चढ़कर उन्होंने भी कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। जेसीबी में स्वागत नगर के युवा नेता मान सिंह निषाद ,रुक्मण निषाद ,उज्जवल जैन ,मेश नंदन पांडे सहित अन्य मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं ने बढ़ चढ़कर उनका सहयोग किया है। सांसद चुन्नीलाल साहू ने भी कहा कि चुनाव में मोदी की गारंटी चली है जो पूरी होगी। प्रदेश में एक बार फिर खुशी का वातावरण बनेगा ।

### बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ने ली विधायक पद की शपथ

**मैनपुर।** नई सरकार के गठन के बाद मंगलवार से विधानसभा सत्र का आगाज हुआ। प्रोटेम स्पीकर रामविचार नेताम ने छत्तीसगढ़ के सभी 90 विधायकों को शपथ दिलाई है। बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से जनक ध्रुव पहली बार विधायक निर्वाचित हुए हैं। जनक ध्रुव ने विधानसभा में विधायक पद की शपथ ली है।



# पेट्रोकेम कारखाने में विस्फोट मामले की पुलिस जांच शुरू

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ग्राम सरगोड़ पथर्री में पेट्रोकेम प्रायवेट लिमिटेड कारखाने में 27 अक्टूबर की संध्या हुए धमाकों से गर्म आइल गिरने से दो लोगो की मौत एवं 3 लोग घायल हुए थे। मृतक एवं घायलों के परिजनों ने घटना की रिपोर्ट फिंगेश्वर थाने में कराई थी। पुलिस ने मर्ग डायरी के आधार पर जांच प्रारंभ की है।

- हादसे में दो लोगों की हुई थी मौत
- तीन घायल इलाज के बाद हुए स्वास्थ्य

जानकारी के अनुसार 27 अक्टूबर 2023 शुक्रवार को जला हुआ आइल जिसे शोधित कर रहे थे, उसके पाइप में विस्फोट होने से कारखाने मे काम करने वाले 4 लोग एवं कारखाने का मालिक गर्म आइल मे बुरी तरह से जल गए थे। पांचों घायलों को सामुदायिक केन्द्र अस्पताल फिंगेश्वर लाया गया था। उनकी हालत देखकर उन्हें रायपुर रिफर किया गया था। रायपुर में कारखाना मालिक के परिजनों ने सभी घायलों का इलाज बर्न सेंटर कालडा यूनिट रायपुर में कराया था। इलाज ▶▶| शेष पेज 11 पर



### जांच कर रहे

घटना की मर्ग डायरी मिली है। जिसके आधार पर जांच कार्रवाई जारी है।

**जितेन्द्र कुमार विजयवार**, थाना प्रभारी, फिंगेश्वर

## दिव्यांग तुलसी का आमरण अनशन समाप्त

**गरियाबंद।** जिले के राजिम तहसील अंतर्गत ग्राम पिपरछेड़ी निवासी दिव्यांग तुलसी साहू द्वारा जमीन संबंधित विवाद से परेशान होकर कलेक्टर जनचौपाल में पहुंची थी। इस प्रकरण पर कलेक्टर आकाश छिकारा ने राजस्व अधिकारी को आवश्यक कारवाई करने के निर्देश दिए थे। श्रीमती तुलसी साहू महासमुंद जिले के बिरकोनी में जाकर पूर्व में आमरण अनशन पर बैठ गई थी। राजिम एसडीएम धनंजय नेताम ने बताया कि इसकी जानकारी मिलने पर तत्काल उनके वास्तविक रकबे का दस्तावेज तहसीलदार, आरआई और पटवारी से मंगाकर जांच की गई। जिसमें उनका रकबा 4 रा का त्रुटि होने पर नकल के प्रकरण पेंडिंग था। उसे सुधार किया गया। जिसे लेकर महासमुंद के राजस्व एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा उन्हें उनका वास्तविक दस्तावेज की कापी दिखाकर जानकारी दी गई और उन्हे अनशन समाप्त करने का आग्रह किया गया। इस पर श्रीमती साहू राजी हुई, इस दौरान उन्हें अधिकारियों द्वारा जूस पिलाकर उनका आमरण अनशन समाप्त कराया गया।

- राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने दी समझाइश

# राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय पंथी नृत्य का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर सतनामी समाज द्वारा ग्राम रोहिना में पूजा अर्चना पश्चात भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में जैतखाम और बाबा का छायाचित्र रथ पर सजाया गया। शोभायात्रा पूरे गांव का भ्रमण किया गया।

- शोभायात्रा ने गांव का किया भ्रमण

शोभायात्रा में डीजे के साथ युवा व महिलाएं जमकर थिरकते नजर आए। शोभायात्रा गांव भ्रमण के पश्चात मुख्य जैतखाम में पालो चढ़ाया गया। साथ ही डीजे में बजते न गीतों पर गोल घेरा बनाया, महिलाएं सामूहिक पंथी नृत्य कर रही थी। वहीं न बच्चों और युवाओं की टोलिया पूरे न उमंगों में पंथी नृत्य का बौछार कर रहे थे। शोभायात्रा सतनाम चौक पर आकर समाप्त हुआ। जिसके पश्चात

पंथी नृत्य कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बाहर से पहुंचे पंथी टोलियों द्वारा आकर्षक पंथी नृत्य पेश किया। जिसे देख दर्शक दीर्घा में बैठे लोग रोमांचित होकर झूमने लगे। इस अवसर पर सतनामी समाज अध्यक्ष आशाराम टोंडे, सचिव संतोष ढीढी, उपाध्यक्ष जितेंद्र घृतलहरे, संतु सोनवानी, सरपंच होमनलाल साहू, बंशी साह राधेश्याम विनोद, और ग्राम रोहिना मे बुधवार को राज्य स्तरीय त्रि दिवसीय पंथी नृत्य का हुआ समापन गांव से बड़ी संख्या में लोगों की लगी रही भीड़ देर रात तक पंथी नृत्य का कार्यक्रम हुआ।





## उत्कृष्ट गरियाबंद अंतर्गत प्रयास कार्यक्रम का किया गया प्रारंभ

# अब जिले में ही प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कर पाएंगे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा अभिनव पहल करते हुए उत्कृष्ट गरियाबंद अंतर्गत प्रयास की शुरुआत की गई। जिले में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। इस पहल से जिले के बाहर कोचिंग या तैयारी से वंचित विद्यार्थियों को लाभ मिल सकेगा। अब प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को जिला मुख्यालय में ही बेहतर मार्गदर्शन मिल सकेगा। इसी के संबंध में आज जिला मुख्यालय गरियाबंद स्थित शासकीय वीर सुरेंद्र साय पीजी कॉलेज में प्रतियोगी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं गुणवत्ता शिक्षा हेतु छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के साथ अभिप्रेरणा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- सच्ची लगन से मेहनत करें, सफलता अवश्य मिलेगी : कलेक्टर

कार्यक्रम में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ अफसरों ने चर्चा की गई। कार्यक्रम में कलेक्टर आकाश छिकारा ने विद्यार्थियों से प्रतियोगी परीक्षा के तैयारी के संबंध में चर्चा की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि अपना लक्ष्य हमेशा ऊंचा रखे। आत्मविश्वास बनाए रखें और अथक प्रयास करते रहें। किसी भी परीक्षा पास करने के लिए सच्ची लगन और मेहनत की आवश्यकता होती है। उन्होंने आगे कहा कि आप किस बैकग्राउंड से आए हो, वह ज़्यादा मायने नहीं रखता, कड़ी परिश्रम से सब संभव हो जाता है। उन्होंने ने विद्यार्थियों के द्वारा पूछे जाने वाले सवालों का भी जवाब देते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है। जो विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहें है, वे नियमित रूप से पढ़ाई करें और प्लानिंग के साथ अपनी तैयारी रखें। प्रयास कार्यक्रम में गरियाबंद एसडीएम भूपेन्द्र साहू भी शामिल हुए। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों से चर्चा की और अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि अपने ऊपर हमेशा विश्वास रखें और तैयारी करते रहें। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पूछे जाने वाले सवालों का जवाब दिया एवं उन्हें अच्छी पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता एवं प्रयास कोचिंग के नोडल अधिकारी पंकज जैन ने भी अपने संबोधन में उपस्थित प्रीतिभागियो को शासकीय सेवा में चयनित होकर आप सभी जो है समाज के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है प्रयास कोचिंग जो है आपको अपने अंदर की प्रतिभा को सामने लाने का प्रयास है। मुझे विश्वास है की आने वाले दिनों में आप सभी एक अधिकारी के रूप देश प्रदेश में अपनी सेवाए देंगे।

### ये रहे उपस्थित

उक्त अवसर पर नायब तहसीलदार अनामिका गुप्ता, योगेंद्र देवांगन सहायक प्राध्यापक जी.एस. दास, सी एल तारक, चित्रकांत शर्मा जिला परियोजना समन्वयक जेजेएम सहित कालेज के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यकम का संचालन पतांजल मिश्रा डीपीएम जिला पंचायत ने किया।



## शराब पिलाने की सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** तेंदूकोना, सांकरा, पटेवा, खल्लारी थाना पुलिस ने शराब पिलाने की सुविधा दे रहे तुकाराम ठाकुर पिता पनपुड़न ठाकुर ( 43 साल) घोघरा, ओमप्रकाश बाघ पिता रेशम लाल बाघ सांकरा, लिलेश साहू पिता अनिरूद्ध साहू (30 साल) सिनोधा, धनीराम रात्रे पिता सालिकराम (33 साल) निवासी कोमा को पकड़ा है। सभी के विरूद्ध धारा 36 सी आबकारी एक्ट तहत कार्रवाई की गई है।

## जंगल में फांसी पर लटका मिला शव

**महासमुंद।** ग्राम भीथीडीह के जंगल में सोमवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव फांसी पर लटका मिला। जानकारी के अनुसार पुलिस ने मृतक की शिनाख्त जीतू विश्वकर्मा पिता परदेशी (52 साल) ग्राम कोचर्रा के रूप में की है। घटना का कारण अज्ञात है। उक्त घटना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

धर्म- कर्म: कलश के पहुंचने पर जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा अंचल

# श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से पहुंचे अक्षत कलश का मैनपुर, अमलीपदर, गोहरापदर में भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से पहुंचे अक्षत कलश का मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम हरदीभाटा में भव्य स्वागत हुआ। अक्षत कलश को गायत्री मंदिर मैनपुर से श्री राम जानकी मंदिर हरदीभाटा विशाल शोभा यात्र निकालकर लाया गया। इस शोभायात्रा में नगर के सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अक्षत कलश को अपने सिर में उठाकर लोग शोभायात्र में शामिल हुए। इस दौरान अक्षत कलश का मार्ग में नगरवासियों ने पुष्प बरसाकर आरती उतार कर स्वागत किया। पूरा अंचल जय जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। भक्तों की टोली भजन करते हुए चल रही थी। वहीं जमकर आतिशबाजी भी की गई। श्रीराम जानकी मंदिर पहुंचने पर विधिवत पूजा अर्चना कर आरती की गई व प्रसाद वितरण किया गया।

### घरों के सामने बनाई रंगोली, जलाए दीप

अमलीपदर में आज अक्षत कलश को लेकर गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से अभिमंत्रित अक्षत कलश को आज अमलीपदर लाया गया। अक्षत कलश के स्वागत हेतु ग्राम के महिलाओं ने अपने-अपने घर के आगे रंगोली बनाकर दीप प्रज्वलित किए। साथ ही साथ ग्राम के रामायण मंडली कीर्तन मंडली ने भी अपने-अपने टोली के साथ हरि कीर्तन करते हुए पूरे ग्राम में राममयी माहौल बना दिया। डीजे के साथ आतिशबाजी करते हुए अक्षत कलश को श्री दुर्गा मंदिर अमलीपदर में ले जाकर स्थापित किया गया और सभी ग्राम वासियों द्वारा भव्य महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

■ श्रध्दालुओं ने शोभायात्रा के दौरान पुष्प वर्षा की, जमकर आतिशबाजी हुई

### घर के सामने उतारी आरती, सिर पर रखा कलश

श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र से अक्षत कलश ग्राम गोहरापदर की पावन धरा पहुँच गया। भजन व कीर्तन मंडलियों के थाप व आतिश बाजी के साथ अक्षत कलश का नगर भ्रमण कराते हुए ग्राम के मध्य स्थित श्रीदुर्गा मंदिर में कलश को स्थापित किया गया। नगर भ्रमण के दौरान सभी ग्रामीणों ने अपने घरों के द्वार पर अक्षत कलश पर फूल माला अर्पित कर आरती उतारते हुए पूजा अर्चना की। सभी हिंदुओं ने बारी-बारी अक्षत कलश को अपने सिर पर उठाया। इस बीच शोभायात्र में जय श्री राम के नारों से नगर राम मय हो गया।

भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने बताया की देवभोग खंड को 13 केंद्रों में विभक्त किया गया है। जिसमें एक मंडल गोहरापदर है वर्तमान में अक्षत कलश श्री दुर्गा मंदिर में स्थापित है। यही से विधिवत अक्षत कलश 23 ग्रामों में भेजा जाएगा।





### ये रहे उपस्थित

इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी,नगर के वरिष्ठ नागरिक नरसिंह यादव,भूषण तिवारी,जकतानंद यादव,ललितराम सिन्हा,मंडल महामंत्री तानसिंह माँझी,मंदिर पुजारी हरलाल मिश्रा,ऋषिदास वैष्णव,शोभाचंद्र साहू,लिलाधर वैष्णव,दिनेश सिन्हा,महिलाओं में रनिया तिवारी,ममता तिवारी,रेखा साहू,गौरी मिश्रा,ललिता तिवारी,रामबाई वैष्णव,हरिप्रिया वैष्णव,नैना साहू,सुनीता यादव,सुनीता शर्मा,रेखा सिन्हा,खुशबू तिवारी,त्रिदेवी साहू,धामन साहू,विश्व हिंदू परिषद के चंद्रप्रकाश साहू,लिकेश वैष्णव,मोहन यादव,क्षितिजनारायण तिवारी,डेविड यादव,लिकेश नागेश,भक्तचरन दौरा,केशव अग्रवाल,ओंकार यादव,अनिल नागेश,राजेश यादव,दीपक यादव,घनश्याम यादव,मनीष सिन्हा सहित भारी संख्या में हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे।

## 158 गांव में घर-घर जाकर देंगे पूजित अक्षत

**छुरा।** अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बनकर तैयार है। यहां आगामी 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए देशभर में राम भक्तों को पीला चावल देकर आमंत्रित किया जा रहा है। इसके साथ ही गांव-गांव तक अयोध्या से आए अक्षत कलश को भेजकर कर आमंत्रित किया जा रहा है। जिसकी जिम्मेदारी सर्व हिन्दू समाज को दी गई है।



15 दिसंबर को अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश को मानस मंदिर पर रखा गया था। जहां आज बुधवार को गांव गांव से हिंदू धर्मप्रेमी एवं विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं को बुलाकर कलशों को गांव गांव पहुंचाने का काम मानस मंदिर पर पूजा-पाठ आयोजन कर किया गया है। इस दौरान छुरा प्रखंड के 10 मंडलों के कार्यकर्ता मंदिर पहुंचे जहां से कलश और राम भगवान के मंदिर के चित्र व पत्रक लेकर गांव के लिए रवाना हुए है। 1 जनवरी से 15 जनवरी तक यह अभियान चलाया जाएगा। यह कलश छुरा के 10 मंडल पेंड्रा, कोसमी, रसेला, कोठीगांव, कनसिंघी, पांडुका, रानिपरतेवा,मड़ेली, अकलवारा आदि मंडलों में भेजे गए है। इस दौरान कार्यक्रम मे उपस्थित विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष उज्जवल जैन ने बताया कि सैकड़ों वर्षों के संघर्ष के बाद सनातनियों का सपना पूरा हो रहा है। अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बनकर तैयार है। जहां आगामी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साथ ही श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए पहुंचने का क्रम आरंभ हो जाएगा। श्रद्धालु मार्च महीने में ही दर्शन के लिए जा सकते हैं। इसके साथ विश्व हिन्दू परिषद के विभाग अर्चक पुरोहित मेषनंदन पांडेय ने कहा कि सभी सनातनियों को कम से कम एक बार यह प्रयास अवश्य करना चाहिए कि अयोध्या पहुंचकर भगवान रामलला के दर्शन कर अपने जीवन को धन्य करें। इस दौरान कार्यक्रम में विहिप जिला संगठन महामंत्री वेदराम नंदे, अभियान संयोजक रामावतार यादव, सफर सचदेव, प्रखंड मंत्री रामशरण पुरैना, बजरंग दल जिला संयोजक कुलेश्वर सिन्हा, शीतल ध्रुव, महेन्द्र द्विवेदी, शैलेन्द्र दिक्षित, सहित नगरवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## रसेला पहुंचा अमृत अक्षत कलश का गायत्री मंदिर

**रसेला।** पवित्र धाम अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि से रामलाल के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु आमंत्रण स्वरूप आए अक्षत कलश रसेला पहुंचने पर आतिशबाजी एवं बाजे गाजे एवं पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत करते हुए गायत्री मंदिर में स्थापित किया है। इस दौरान अक्षत कलश को सिर पर रखकर हनुमान मंदिर होते हुए और जय जय श्री राम जयघोष करते हुए गायत्री मंदिर पहुंचे जहां पर गायत्री परिवार द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर आरती ली गई। इस अक्षत कलश का पीले चावल एवं पुष्प से अभिषेक किया गया। ज्ञात हो कि ग्राम रसेला में 22 दिसंबर दिन शुक्रवार को गायत्री मंदिर से अक्षत कलश का भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। ग्राम के हर गली मोहल्ले में भ्रमण करेंगी। श्री राम सेना हिन्दू संगठन के सदस्य ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री रामचन्द्र का राज्याभिषेक प्राण प्रतिष्ठा पूजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण रह नागरिक का सपना था जो कई संघर्ष व बलिदान के बाद पूरा हुआ है। अयोध्या में रामलाल की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पूजित अक्षत कलशो को आमंत्रण स्वरूप सभी क्षेत्रों में वितरित किया गया है। आगामी 22 जनवरी को रसेला में कलश प्रभातफेरी, रामायण,दीपयज्ञ आदि का आयोजन किया जाएगा। जनवरी माह के एक तारीख से 15 तारीख तक आमंत्रण का अभियान प्रारंभ किया जाएगा। घर घर जाकर लोगों को पीला अक्षत दिया जाएगा। लोगों को अयोध्या में होने वाले रामलाल प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही आग्रह करेंगे जैसे आप सबने राम मंदिर निर्माण में सहयोग किया है हम सभी राम मंदिर हेतु दर्शन करने अगर नहीं जा पाए तो अपने ग्राम और निवास को ही अयोध्यापुरी धाम मानकर 22 जनवरी को रामायण पाठ का आयोजन करें। घर में दीपक जलाकर उत्साह मनाएं। इस मौके पर नंदकिशोर यादव, लोकराम यादव, परमेश्वर यादव, शिवशंकर जायसवाल, ठाकुर राम यादव, जगत राम यादव, कुलेश साहू, कृष्णा चक्रधारी, भूपेंद्र देवांगन, महेश्वर निषाद, ओमप्रकाश यादव, सुरेश, तिलेश्वर साहू, भोजनायक, घनश्याम सेन, ओंकार ठाकुर, धमेंद्र यादव,डुलेश्वर नायक, चन्द्रकला यादव, अन्नपूर्णा यादव, दुलम यादव, श्यामा बाई ठाकुर, दुलशिया यादव, लक्ष्मी यादव, मधुयादव, रूपासिन्हा राधाबाई यादव आदि मौजूद रहे।



## हसदा में सात दिवसीय विशेष शिविर की तैयारी कर रही महाविद्यालय रासेयो की छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

हसदा नं 2 मानिकचौरी में फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर 23 दिसंबर से 29 दिसम्बर तक आयोजित होने जा रहा है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, नियमित गतिविधियों के अंतर्गत शिविर के पूर्व की तैयारी की गई। नशामुक्त समाज के लिए युवा विषयान्तर्गत 60-65 स्वयंसेवकों का जत्था अपनी सेवाएं देंगे। वरिष्ठ स्वयंसेवक विकास साहू ने विद्यार्थियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सात दिन तक अपने परिवार से अलग रहकर गांवो में अपनी सेवाएं देने जा रहे हैं।

■ 23 से 29 दिसंबर तक किया जाएगा आयोजित



प्रातःकाल 5:30 बजे उठकर गांव वालों को जागृत करेंगे। प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागृत करेंगे। महाविद्यालय के गरिमा के अनुरुप कार्य करेंगे। ऐसा कोई भी कार्य नहीं करेंगे, जो महाविद्यालय के गरिमा को क्षति पहुंचे। यह आपके जीवन का सुनहरा पल होगा। अपने व्यक्तित्व का विकास गांव वालों के बीच एक शिविरार्थी के रुप में सात दिन तक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे सात दिन ऐसे गुजर जाएंगे कि यह पल कितनी जल्दी ढल गये। कार्यक्रम संयोजक डॉ. आर. के. रजक ने बताया कि इस शिविर में प्रतिदिन योग, देशी खेलकूद, प्रभात फेरी, परियोजना कार्य, बौद्धिक परिचर्चा, रात्रि में शिक्षाप्रद स्वच्छता ही सेवा नशा मुक्त व अन्य जन जागरुकता के मंचीय कार्यक्रम होंगे। इस शिविर में विशेष रुप से स्वास्थ्य शिविर, पशु चिकित्सा शिविर, नेत्र परीक्षण शिविर, विधि साक्षरता शिविर, कृषि विभाग व अन्य विशेषज्ञयो का लाभ प्रतिदिन 3 से 5 बजे शिविरार्थी व ग्रामीणों को दिए जायेंगे। इस शिविर के लिए दल नायक धनेंद्र साहू, मितेश साहू एवं दल नायिका क्षमा साहू को सौंपी गयी हैं शिविर सफलता के लिए शशिप्रकाश साहू सरपंच, होरीलाल साहू उपसरपंच, तोरण साहू, विकास साहू प्रतिनिधिगण युद्धस्तर पर तैयारी कर रहे हैं।

### टोकरो में शिव महापुराण कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु

**नवापारा-राजिम।** टोकरो में चल रहे शिव महापुराण कथा सुनने ग्रामीणो की भारी भीड़ लग रही है। कथावाचक यामिनी देवी है। शिव महापुराण कथा का आज 21 दिसंबर को समापन होगा।





## रेत के अवैध उत्खनन पर कार्रवाई, 27 हाईवा और चार चेन माउंटेन मशीन जब्त

**महासमुंद।** रेत के अवैध उत्खनन पर जिला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर 20 दिसंबर को महासमुंद जिले के ग्राम बड़गांव बरबसपुर, तुमगांव एवं ग्राम बम्हनी, लचकेरा, हथखोज महासमुंद में छापामार कार्रवाई की गई। में रेड की कार्रवाई की गई। पुलिस टीम को आता देख रेत माफिया नदी पार-कर भागने लगे, पुलिस ने भाग रहे ड्राइवर एवं हेल्परों को पकड़ा। इन्होंने हाइवा एवं चेन माउंटेन मशीन को अलग-अलग वाहन स्वामी का होना बताया।



थाना महासमुंद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बम्हनी, लचकेरा, हथखोज के पास से 25 नग हाईवा ट्रक एवं 3 नग चेन माउंटेन मशीन जब्त किया गया तथा थाना तुमगांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बडगांव बरबसपुर के पास से 2 हाइवा एवं 1 नग चेन माउंटेन मशीन जब्त किया गया, इस तरह महासमुंद क्षेत्र मे 27 नग हाइवा ट्रक एवं 4 नग चेन माउंटेन मशीन जब्त किया गया। भारी मात्रा में अवैध रेत (बालू) उत्खनन एवं परिवहन किए जाने पर थाना सिटी कोतवाली महासमुंद एवं थाना तुमगांव में मामला दर्ज किया गया।

गुरु घासीदास जयंती पर सतनाम इंस्पायर अवार्ड प्रोग्राम-2023 का आयोजन

## एक शिक्षित व्यक्ति समाज में ला सकता है परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ई विलेज एजुकेशन सोसाइटी एवं सतनाम परिवार,समाज द्वारा संत शिरोमणि गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर द्वितीय वर्ष सतनाम इंस्पायर अवार्ड प्रोग्राम-2023"शिक्षा, संस्कार, व्यापार, सात्विक जीवन शैली'' का शुंभारभ शिवनारायण खुटे प्रबंधक वन विभाग के मुख्य आतिथ्य में सतनाम ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कर तथा 108 बार सतनाम जाप के साथ किया गया। समाज के लोगों को अवार्ड से नवाजा गया।

इस क्षेत्र में 12 वर्ष से 23 वर्ष के बच्चो के लिए गुरु के उपदेश एवं सन्देश को लेकर पोस्टर,ड्राइंग,रंगोली और प्रोजेक्ट निबंध प्रतियोगिता 17 दिसम्बर दिन रविवार को समिति और समाज टीम गठित कर एक दिवसीय कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से समाज में शिक्षा का की अनिवार्यता,उच्च शिक्षा प्राप्त करने से स्वयं और समाज में होने वाले परिवर्तन के बारे में रविशंकर विश्वविद्यालय के संतोष डहरिया तकनीकी शिक्षक आयोजक एवं स्कूल शिक्षा में पदस्थ श्रीमति मालती डहरियाएवं इंस्पायर वक्ता एवं मुख्य अतिथि शिव नारायण खुटे प्रबंधक वन विभाग ने कहा किएक शिक्षित व्यक्ति स्वयं,समाज,देश में अपने ज्ञान से सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। कार्यक्रम को राजिम परिक्षेत्र सतनामी समाज के अध्यक्ष तुलेश्वर घृतलहरे,सचिव सुघरमल आड़े ने संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार का आयोजन बहुत कम देखने को मिलता है। यदि ऐसा आयोजन होता रहे तो निश्चित ही समाज में बदलाव आयेगा। कार्यक्रम के आयोजक संतोष डहरिया ने कहा की यदि बच्चों को बचपन में ही अच्छे संस्कार मिले तो उम्र भर अच्छे जीवन यापन करेगा, आने वाले पीढ़ी भी संस्कारी होगी। कार्यक्रम को संतोषपुरी धाम के संत ने भी सम्बोधित किया और कहा कि हमें बाबाजी के बताये हुए मार्गो का अनुसरण करना चाहिए। सतनामी समाज जिला गरियाबंद के पूर्व अध्यक्ष दूजलाल बंजारे ने कहा की निरंतर प्रयास से सफलता अवश्य मिलती है।





**इनका रहा योगदान :** कार्यक्रम के आयोजक टीम संतोष डहरिया,श्रीमती मालती डहरिया, शिव नारायण खुटे, नरेन्द्र रात्रे, श्रीमती रिचा रात्रे, शकुन्तला लहरे, मनोज गिरदे, दीपक खुटे, मोहन मारकंडे, दिनेश लहरे, पोशन पराना, मोहित, डागेश्वर मांडले,सतोष मांडले, भक्तिन दीदी, ग्राम के गणमान्य नागरिकों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन नामदाश धृतलहरे व्याख्याता सरस्वती शिशु मंदिर राजिम ने किया जिसे बेस्ट सतनाम मंच संचालन का अवार्ड मिला।

### इनका किया गया सम्मान

कार्यक्रम में सात्विक जीवन शैली शिक्षा और व्यापर के क्षेत्र मे अग्रणी लोगो को विभिन अवार्डो से समानित किया गया। संतोष डहरिया एवं परिवार फिंगेश्वर,तुलेश्वर धृतलहरे एवं परिवार सेंदर,गंगा सागर डहरिया एवं परिवार पतोरा,सुघरमल आड़े एवं परिवार चैतरा को"बेस्ट सतनाम सात्विक परिवार अवार्ड-2023"से समानित किया गया। नरेन्द्र रात्रे,दीपक खुटे,मनोज गिरदे,मोहन मारकंडे एवं परिवार को"सतनाम परिवार अवार्ड"से समानित किया गया। बेस्ट सात्विकसतनाम बालक का आवर्ड-राज डहरिया,दयाल दास मांडले,बेस्ट सात्विक सतनाम बालिका दीपाली डहरिया,तमन्ना मांडले को दिया गया।

## अयोध्या का अक्षत कलश दस गांवों में हुआ वितरित



**नवापारा-भेण्डरी।** अयोध्या से आए अक्षत कलश को दस गांव में वितरित किया गया है। प्रारंभ में मां शीतला मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के लिए आए अक्षत कलश की पूजा की गई। और कलश यात्रा के रूप में बुड़ेनी, नवागांव,चंदना, चंद्रसुर, परसट्टी, नहरडीह, खट्टी, परेवाडीह, दमकाडीह में घुमाया गया। सरपंच प्रीतराम देवांगन ने बताया कि यह अक्षत कलश हर घर में निमंत्रण के स्वरूप पहुंच रहा है। 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के दिन हर गांव में दीपोत्सव दीवाली की तरह मनाया जाएगा।

खबर संक्षेप

## पांच साल तक अटके रहे शहर के 40 करोड़ के विकास कार्य, अब होंगे पूरे?



**महासमुंद।** शहर विकास के लिए पांच साल पूर्व बनाई गई 40 करोड़ रुपए की योजनाएं अभी तक अटके हुए हैं। इन पांच वर्षों में एक बार भी इन योजनाओं को धरातल में उतारने के बारे में सुगबुगाहट भी नहीं दिखाई दी है। इनमें कुछ योजनाएं ऐसी भी है, जिन्हें चार-पांच साल पूर्व बजट में शामिल भी किया गया था और ये योजनाएं शहर के बेहद महत्वपूर्ण भी साबित हो सकता था। लेकिन, आज तक इन पर काम नहीं हो पाया। अब प्रदेश पर उनकी सरकार बैठ गई है, जिनके कार्यकाल में ये योजनाएं बनी थी, जिससे इनके पूरे होने के आसार अब नजर आ रहे हैं। वर्ष 2018 के पूर्व भाजपा शासन काल में नगरपालिका द्वारा शहर के विकास कार्य के लिए कई नए प्रावधान किए गए थे। इनमें कई योजनाओं को बजट में भी शामिल किया गया था, तो वहीं कई योजनाओं की स्वीकृति मिल चुकी थी और कईयों का ले आउट भी तैयार हो चुका था। लेकिन, इसके बाद प्रदेश में सरकार बदलते ही इन योजनाओं को किनारा कर दिया गया। पिछले 6-7 वर्षों से नगर पालिका के बजट में नया बस स्टैंड, गोकुल नगर, नहर लिंक रोड, गौरव पथ, ऑक्सीजन जोन, नपा का नया भवन और व्यवसायिक कॉम्पलेक्स शामिल किया जा रहा है। नया बस स्टैंड के लिए तो प्रक्रिया भी शुरू हुई थी। बागबाहरा रोड पर लभरा के पास जमीन भी देखी गई थी, लेकिन यह योजना भी ठंडे बस्ते में चली गई है। गोकुल नगर, नहर लिंक रोड, नपा के नए भवन की प्रक्रिया कागजों में ही सीमित है।

**बड़े प्रोजेक्ट के लिए जगह का अभाव:** शहर में ज्यादातर योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए जगह नहीं है। इस कारण कई बड़े प्रोजेक्ट ग्राम पंचायतों में प्रस्तावित किए जा रहे हैं। मल्टीलेवल पार्किंग और नपा का नया भवन बनाने के लिए भी जमीन नहीं मिल रही है। पुरानी टंकी के पास व्यवसायिक काम्प्लेक्स बनाने की योजना भी अधर में है। इन सभी कारणों से प्रोजेक्ट पर काम नहीं हुआ है। योजनाएं बजट के प्रावधान तक ही सीमित रह गई हैं।

पेज 9 के शेष

### पेट्रोकेम कारखाने में...

के दूसरे- तीसरे दिन कारखाना मालिक मधुसुदन केडिया 72 वर्ष भिलाई चरोदा की मौत हो गई। इसी प्रकार भिलाई चरोदा के ही रहने वाले रवि पटेल पिता गनउ पटेल 32 वर्ष की भी इलाज के चलते मौत हो गई। शेष घायल मयंक पोद्दार,पवन कुमार मारकंडे आपरेटर एवं हितेश कुमार साहू ग्राम सोनासिल्ली इलाज के चलते स्वस्थ हो गए और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। कालडा बर्न सेंटर रायपुर में घायल एवं मृतक के परिवार का अस्पताल बिल इनके स्वास्थ कार्ड लिया गया। पीड़ितों का कहना है कि उनको कंपनी के ओर से कोई मदद नहीं मिली है। घटना की रिपोर्ट 4.11.2023 को फिंगेश्वर थाने में कराई गई थी। अब मामले की जांच की जा रही है।

# स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर स्वयंसेवक समाज में परिवर्तन लाने के लिए करें काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

नायब तहसीलदार वसुमित्र दीवान ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए हर किसी के पास एक गुरु अवश्य होना चाहिए जो आपको असफल होने पर फिर से सफलता के लिए खड़े होने का साहस भर दे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के आदर्श पुरुष स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर सभी स्वयंसेवकों को समाज में परिवर्तन लाने के लिए काम करना चाहिए।

उक्त बातें शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिवस समापन समारोह को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए नायब तहसीलदार श्री दीवान ने कही। कार्यक्रम के विशेष अतिथि पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक मोहित मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का कार्य सेवा करना है। ये सेवा दीन हीन गरीब लोगों की जानी चाहिए। साथ ही प्रकृति के हर जीव की सेवा करना चाहिए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच भुवनेश्वरी बंजारे ने कहा कि सभी स्वयंसेवकों को

**खास बातें**

- सेवा दीनहीन के साथ प्रकृति के हर जीव की हो
- नशामुक्त समाज के लिए युवा थीम पर रोसेयो का सात दिवसीय शिविर



**स्वयंसेवक हुए सम्मानित**

शिविर में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले दो स्वयं सेवको चित्ररेखा साहू एवं कुशल साहू तथा एक सीनियर स्वयं सेवक हुमन देवांगन को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले ग्रुप महाराणा प्रताप के लीडर ज्योति को पुरस्कृत किया गया। संचालन ओंकार साहू ने किया। आभार प्रदर्शन सुश्री मनीषा भोई सहायक कार्यक्रम अधिकारी ने किया।

सही लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़ना चाहिए। जिससे लक्ष्य तक आसानी से पहुंचा जा सके। स्वयंसेवको के द्वारा किए गए जागरूकता कार्य की सराहना करते हुए ग्रामीणों से जागरूक होकर नशामुक्त समाज एवं स्वच्छ ग्राम बनाने की अपील की गई। अध्यक्षता करते हुए शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एम एल वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय कैंप प्रतिवर्ष लगाया जाता है। हर वर्ष कैंप का थीम अलग अलग रहती है। इस वर्ष का थीम नशामुक्त समाज के लिए युवा हैं।

इस थीम को समझते हुए युवाओं को नशामुक्त समाज बनाने के लिए आगे आने की अपील किए गए। साथ ही उनके द्वारा सरपंच को सहयोग करने के लिए धन्यवाद भी दिया गया। कार्यक्रम अधिकारी तामेश्वर मारकंडे ने शिविर में किए गए कार्य का प्रतिवेदन पढ़ा। इस अवसर पर डॉक्टर गोवर्धन यदु, डॉक्टर समीक्षा चंद्राकर, प्रो मुकेश कुर्रे, प्रो आकाश बाघमारे, डॉक्टर गरिस्मा सिंह, आलोक हिरवानी, सहित सभी स्वयं सेवक उपस्थित थे।

**आयोजन:** नाटक के माध्यम से लोगों को साइबर क्राइम से बचाने किया जागरूक

# प्रदेश के जेलों में निरूद्ध प्रत्येक महिला बंदी एवं उनके बच्चों तक पहुंचे खुशी: न्यायमूर्ति भादुड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर एवं खुशी फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में 17 व 18 दिसम्बर को केन्द्रीय जेल, रायपुर में निरूद्ध महिला बंदियों एवं उनके बच्चों के उत्थान के संबंध में आयोजित उक्त दो दिवसीय कार्यकम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर, अतिथि डॉ. व्ही.सी. विवेकानंदन कुलपति हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी नवा रायपुर एवं अध्यक्षता हमीदा सिद्दीकी संस्थापक खुशी फाउन्डेशन के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। उक्त समापन सत्र के अवसर पर न्यायमूर्ति के अलावा से अब्दुल जाहिद कुरैशी जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर, हेमंत सराफ प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रायपुर, आनंद प्रकाश वारियाल सदस्य सचिव, छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर, दिग्विजय सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रायपुर, गिरीश मंडावी उप सचिव छग०राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणबिलासपुर, प्रवीण मिश्रा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर, एस.एस. तिग्गा, जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल, रायपुर एवं मधु सिंह, जेल अधीक्षिका, केन्द्रीय जेल महिला प्रकोष्ठ, रायपुर उपस्थित रहे। कार्यकम का संचालन खुशी फाउन्डेशन की ओर से केसर सिद्दीकी द्वारा किया गया।

कार्यकम में विधि छात्रों के द्वारा साइबर काइम पर एक नुक्कड़ नाटक कर आज कल होने वाले ओटीपी शेयर कर बैंक खाता फॉड केस, मोबाइल हैक, स्कैम, फोटो वायरल सोशल मीडिया में होने एवं एआई का दुरूपयोग से रोकने संबंधी नाटक कर अपना ध्यान आकृष्ट किया गया एवं इससे बचने के तरीके बताए गए। किसी भी प्रकार के प्रलोभन से बचने हेतु जागरूक किया गया। केन्द्रीय जेल महिला प्रकोष्ठ में निरूद्ध महिला बंदियों के छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। महिला बंदियों ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुत की, जिस पर न्यायमूर्ति द्वारा उनको सम्मान भी प्रदान किया गया। न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी द्वारा बताया गया जो साइबर काइम पर जो नुक्कड़ नाटक पेश किया है उसके माध्यम से हम ही नहीं पूरा प्रदेश और देश जागरूक होगा क्योंकि छोटे छोटे प्रलोभनों में आकर कोई भी व्यक्ति साइबर काइम का शिकार हो सकता है। इसीलिए साइबर काइम से बचने के लिए उक्त क्राइम की जानकारी रखते हुए सतर्क रहें। खुशी प्रोजेक्ट क्या है, आपको लग रहा होगा इससे किसी को कुछ मिलना नहीं है। परन्तु किसी को खुशी बांटकर अगर संतुष्टि मिले तो बहुत सुकून मिला है। आपसे कोई ऐसी घटना हो गई होगी, जिसके कारण आज यहां जेल के अंदर हैं और आपको कुछ समय यहां बिताना है। परन्तु यह आखिरी पड़ाव नहीं है ना ही जिंदगी का अंत है। हमने महसूस किया है कि अपराध कभी- कभी परिस्थितिवश हो जाता है। परंतु न्यायपालिका एवं सामाजिक संस्थाओं का आपके प्रति उत्तरदायित्व समाप्त नहीं होता है। हम सब मिलकर आपके समग्र विकास एवं मूलधारा में लाने के लिए कार्य करते रहेंगे।



**सभी में कुछ न कुछ कला विद्यमान है**

न्यायमूर्ति श्री भादुड़ी ने कहा कि हम हमेशा आपके साथ हैं। साथ का ही परिणाम है कि आपके लिए राज्य एवं जिला व तालुका स्तर पर प्राधिकरण कार्य कर रहा है जिससे आपकी कानूनी समस्याओं का निःशुल्क सेवाओं के माध्यम से निराकरण किया जा सके और आपको कानूनी राहत प्राधिकरणों के माध्यम से जिला स्तर से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक प्राप्त हो सके। न्यायमूर्ति ने भावविभोर होकर कहा कि आप और आपके बच्चों का इस कार्यकम में उत्साह देखकर हृदय से महसूस किया है कि आप सभी में कुछ न कुछ ईश्वर के माध्यम से कला विद्यमान है। कार्यकम के दौरान न्यायमूर्ति द्वारा महिला बंदियों द्वारा बनाई गई रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता व कठपुतली कार्यकम एवं जेल का भी निरीक्षण किया गया। बंदियों द्वारा बनाए गए स्वादिष्ट स्वल्पाहार का भी आनंद लिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के चेहरे पर दिखी जो आज खुशी वो हमारे देश की तरक्की की खुशी बनेगी।

# नशामुक्त समाज के लिए युवा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने लगाया उरमाल में विशेष शिविर





हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

राष्ट्रीय सेवा योजना डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल मुंगझर के छात्र–छात्रओं के द्वारा ,नशामुक्त समाज के लिए युवा के थीम पर साथ दिवसीय विशेष शिविर ग्राम उरमाल विकासखंड मैनपुर में स्कूल के प्राचार्य सुमिता सिंह के मार्गदर्शन में लगाया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत उरमाल के सरपंच पुष्पा सोरी ,बीडीसी नर्मदा देवी विशिष्ट अतिथि डी एस माझी प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उरमाल , गांव के पुजारी पंचगण, गजेंद्र कश्यप शिक्षक उरमाल, दीपेंद्र बघेल सहायक प्राध्यापक तथा इस कार्यक्रम के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल जी एवं शिविर के कार्यक्रम अधिकारी नीरज कुमार साहू शिक्षक डी ए व्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल मुंगझर देवभोग ,शिविर के दलनायक अग्रवाल उपदलनायक हर्षित अग्रवाल तथा स्कूल के 25 छात्र छात्राएं शामिल हुए। राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित योजना है जिसके तहत बच्चों के चरित्र और व्यक्तित्व के विकास करती है राष्ट्रीय सेवा योजना यह राष्ट्रीय लेवल पर आयोजित किया जाता है। जिसमें एनएसएस वालंटियर प्रोग्राम अधिकारी समेत सभी छात्र–छात्राओं द्वारा 7 दिन तक समय सारणी अनुसार अलग–अलग परियोजना कार्य किया जाता है, जैसे गांव की सफाई, नशा मुक्ति रैली, नशा मुक्ति अभियान नुक्कड़ नाटक तथा बौद्धिक चर्चा जैसे विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

- रासेयो बच्चों के चरित्र का करती है विकास

# शाला में लगाया गया आनंद मेला



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल छुरा में दिवस आनंद मेला का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्या बिंदु जॉर्ज जेकब के अनुसार ऐसे आनंद मेला का आयोजन प्रति वर्ष किया जाता रहा है। इसी प्रकार इस वर्ष भी यह मेला का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के खाने का व्यंजन एवं स्वादिष्ट भोजन बच्चों द्वारा व्यवस्था किया गया। जैसे इडली, पावभाजी, गुपचुप, भेल, आलूचाप, बड़ा, भजिया, चाट, बच्चे लोगों के लिए तरह-तरह के खेलने का व्यवस्था किया गया था। साथ ही नन्हें बच्चों द्वारा मनोरंजन करने के लिए नाच, गाना का भी कार्यक्रम रखा गया था। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक चला। इसमें सभी पालकगण अपने-अपने परिवार,पास-पड़ोस एवं अपने-अपने रिश्तेदार के साथ उपस्थित होकर इस मेला का खूब आनंद लिए, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों द्वारा इस आयोजन में बढ़-चढ़ कर उत्सुकता के साथ भाग लिए। उन्होंने यह भी बताई कि यह मेला आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि यह कार्यक्रम दैनिक जीवन में व्यवसाय एवं पैसे का लाभ-हानि को बताने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधक शैजू जॉर्ज जेकब , शैक्षणिक सत्र निर्देशक सुमंत आचार्य , शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय पटेल जी एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकायें एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

- दैनिक जीवन में व्यवसाय का बताया महत्व

# कारपेंटर पहुंचे स्कूल, टूटे फर्नीचरों को श्रमदान कर किया रिपेयर

**राजिम।** शासकीय पं.रामविशाल पाण्डेय इंग्लिश मीडियम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम में चैंपियन क्लब द्वारा श्रमदान

क्लब के कारपेंटर, ठेकेदारों एवं सदस्यों ने रामकुमार साहू की अध्यक्षता में किया। जिसमें स्कूल के बहुत सारे टूटे हुए फर्नीचर की रिपेयरिंग कर मजबूती के साथ ठीक किया गया। श्रमदान करने वासुदेव साहू, भानु साहू, श्याम देव साहू , रोशन साहू, कमलेश ध्रुव, गोविंद साहू,उत्तम साहू, रितेश,जागेशर साहू, गिरीश साहू, दिनेश साहू भोला और कम्पनी मेम्बर लीलाधर सिन्हा प्रिंसिपल संजय एक्का का योगदान रहा।



# विधायक रोहित ने मानस मंदिर में की पूजा- अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

राजिम विधायक रोहित साहू के विधानसभा जीत के पश्चात प्रथम नगर आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। उनके साथ महासमंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू ने भी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

नगर के स्थानीय मानस मंदिर में दोनों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। जहां नगर की महिलाएं एवं मानस मंदिर समिति के लोगों ने स्वागत किया। पंडित यज्ञेश प्रसाद पांडे ,लखन तिवारी शीतल धुव ने मानस मंदिर के बारे में जानकारी प्रदान की और वहां की निर्माण संबंधी कार्यों से अवगत कराया। वहीं नगर की महिला मंडलों द्वारा उनका आरती उतार का टीका लगाकर स्वागत किया। नेताओं ने विश्वास दिलाया है कि सभी की अपेक्षा आशा के अनुरूप काम करने का पूरा प्रयास किया जाएगा ।






म्यूजिक ग्रुप छुरा का हुआ संगीतमय आयोजन

# 90 के दशक के सुमधुर गीतों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर के संगीत-प्रेमियों द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला संगीतमय आयोजन इस बार डॉ. गुप्ता फार्म हाउस छुरा में संपन्न हुआ।इस वर्ष का थीम 90 के दशक के गीतों पर आधारित था। 90 के दशक के सुपरहिट गीतों की प्रस्तुति ग्रुप के फनकारों द्वारा दिया गया, जिससे ऐसा समां बना की सभी झूम उठे।

सर्वप्रथम रायपुर के सुबोध फ्रैंकलीन, राकेश दास, उत्तम पवार, दीपक दीवान गरियाबंद हरीश ठक्कर, विकास पारख, यूसुफ बवानी, राजिम के संजय महाड़िक व छुरा के आनंद गुप्ता रामकरण त्रिवेदी मंचासीन हुए। मां शारदे की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किए। पश्चात समस्त सदस्यों ने राज्यगीत अरपा पैरी के धार को सामूहिक रूप से गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इमरान अली के गीत तूने मुझे बुलाया से म्यूजिक कारवां प्रारंभ हुआ जो लगातार देर शाम तक संगीतमय प्रस्तुति होती रही। आयोजन में रायपुर, दुर्ग, फिंगेश्वर, अभनपुर, नवापारा, राजिम, गरियाबंद और छुरा के फनकारों ने सुमधुर स्वरों में प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का संचालन हीरालाल साहू/"समय/" और रीझे यादव ने किया।



**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में डॉ. आनंद गुप्ता, रामकरण त्रिवेदी,संजय महाडिक,हरीश ठक्कर,विकास पारख,राकेश दास,सुबोध फ्रेंकलिन,उत्तम पवार,क्रांति साहू,धनंजय हरित, अमिताभ जैन, चेतना जैन, बेबी श्रेया यादव, बेबी अनन्या, लक्की मेमन,देवेंद्र सिन्हा,तरुण वर्मा, इमरान अली, चितरंजन चंद्राकर, मोहिनी गोस्वामी,श्यामा नेताम,पंकज गुप्ता,सलीम मेमन, नेमीचंद यादव,हुमन सिन्हा,पुखराज ठाकुर,नारायण साहू, ऋषि साहू,विमल पुरोहित,एल पी साहू,रुपेश शर्मा, मंगलमूर्ति सोनी,विनोद देवांगन, हेमंत विश्वकर्मा और अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।



# सामुदायिक पुलिसिंग वालीबॉल प्रतियोगिता में सोरिद खुर्द विजेता, उपविजेता रही रानीपरतेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत दो दिवसीय वालीबॉल प्रतियोगिता का विजेता सोरिदखुर्द और उपविजेता रानीपरतेवा रहा।

इससे पूर्व प्रथम सेमीफाइनल रानीपरतेवा और छुरा बी टीम के बीच खेला गया। जिसे रानीपरतेवा ने 25-17, 24-25, 25-13 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल छुरा ए और सोरिद टीम के खेला गया जिसे सोरिद ने 25-16, 18-25, 25-17 जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल का रोमांचक मुकाबला रानीपरतेवा व सोरिद के मध्य खेला गया। जिसे सोरिद ने 25-22, 25-18 से जीता। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में अमित तुकाराम काम्बले अधीक्षक गरियाबंद मंचासीन रहे। विशेष अतिथि के रुप में डीसी पटेल एडीशनल एसपी, अशोक वाडेगांवकर एडीशनल एसपी नक्सल, पुष्पेंद्र नायक एसडीओपी गोपाल वैश्य डीएसपी मंच पर आसीन रहे सभी अतिथियों का स्वागत बैच पुष्पगुच्छ से किया गया। फाइनल मैच पश्चात विजेता टीम सोरिदखुर्द को पुरस्कार के रुप में दस हजार रुपए नकद विनर कप मेडल प्रशस्ति पत्र नेट एवं वालीबाल प्रदान किया गया। उपविजेता टीम रानीपरतेवा को सात हजार रुपए नकद कप प्रमाण पत्र मेडल एवं वालीबॉल अतिथियों द्वारा दिया गया। मैच रेफरी स्कोरर के रुप में योगदान के लिए राजू साहू पीटीआई, डोमेश्वर ध्रुव पीटीआई, पंकज साहू पीटीआई,संजीत निषाद, चंद्रभूषण निषाद, यूनूस परवेज खान, विमल पुरोहित कमेन्ट्री में शीतल ध्रुव व शिव ठाकुर को सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। कन्या छात्रावास की बालिकाओं को देशभक्ति गीत एवं छत्तीसगढ़ी नृत्य प्रस्तुत करने पर उन्हे भी नकद प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया पुरस्कार वितरण का संचालन हीरालाल साहू व आभार एसआई दिलीप मेश्राम ने व्यक्त किया।



**इनका रहा योगदान :** दो दिवसीय प्रतियोगिता की व्यवस्था को थाना प्रभारी व प्रशिक्षु डीएसपी प्रवीण भारती के नेतृत्व में एस आई दिलीप मेश्राम, मोहन ठाकुर एएसआई, धनुष निषाद प्रधान आरक्षक, सुरेश निषाद, रिजवान, प्यारे लाल साहू, अमित जांगड़े, गिरधारी ध्रुव, उमाशंकर, अखिलेश वैष्णव, अरविन्द जाटवार,कामिनी साहू, शशि कौशिक सहित थाना छुरा के स्टाफ ने सफल बनाने में दिया योगदान।



**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में खोमन चंद्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत, यशपेन्द्र शाह, नथमल शर्मा, मक्खू दीक्षित, यशवंत यादव सदस्य छत्तीसगढ़ भारोत्तोलन संघ, पार्षद गण हरीश यादव, मीना चंद्राकर, रजनी लहरे, भारती सोनी, चित्ररेखा ध्रुव, एल्डरमैन संदीप सोनी, लोकेश्वर वर्मा, मानसिंग निषाद, सलीम मेमन पत्रकार गण उज्जवल जैन, मेषनंदन पाडे, प्रदीप मिश्रा मोतीलाल साहू, विनोद देवांगन, जब्बार खान पुनीत ठाकुर, सहित नगर के खेल प्रेमी, व्यापारी, जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पारंपरिक व्यवसाय बांस बर्तन का निर्माण...



**मैनपुर।** ग्राम पंचायत तुहामेंटा में विशेष पिछड़ी कमार जनजाति की लगभग 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला सुकबती भी अपने पारम्परिक व्यवसाय बांस बर्तन बनाती है। बुजुर्ग महिला ने बताया कि बांस बर्तन, सुपा, टोकरी, चटाई, झाड़ू, जैसे अनेक प्रकार की वस्तुओं का निर्माण बांस से किया जाता है और इसे मैनपुर साप्ताहिक बाजार में ले जाकर बेचते हैं। उससे मिलने वाली आमदनी से जीवनयापन करते हैं।

### सोने चांदी के जेवर व नगद रकम की चोरी

**महासमुंद।** ग्राम मचेवा में अज्ञात चोर ने सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रकम की चोरी कर ली। प्रार्थी सुशील तिवारी पिता श्याम देव तिवारी (45 साल) सांई वाटिका मचेवा ने पुलिस को बताया कि रविवार के दिन 7 बजे किसी अज्ञात चोर ने उसके घर के लाकर में रखे 91000 रुपए का सोने-चांदी के जेवर एवं 4000 रुपए नगद की चोरी कर ली है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर जांच संज्ञान में लिया है।

### देशी प्लेन शराब के साथ एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने मुक्तिधाम के पास अवैध रूप से रखे शराब को जब्त करने के साथ ही एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी प्रिंस सलूजा पिता हरभजन सिंह बागबाहरा के पास से 3420 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 1520 रुपए बरामद किया है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान महुआ शराब के साथ कौशिक मेहर पिता कार्तिकराम 40 साल ग्राम रसोड़ा एवं सूर्यकांत सोना पिता कलदोरा सोना 70 साल ग्राम नरसिंगपुर को पकड़ा। इन दोनों के पास से अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे कुल 8000 एमएल महुआ शराब कीमत 1600 रुपए को जब्त किया गया है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा: तीसरे दिन ग्राम पंचायत मुड़ागांव और रानीपरतेवा में पहुंची

# केंद्र व प्रदेश सरकार की अंत्योदय की भावना से क्रियान्वित योजनाओं का आमजन उठाएं लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

- गारंटी रथ पर लगी एलईडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ग्रामीणों ने लाइव संबोधन सुना
- विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्री का किया गया वितरण







विकसित भारत संकल्प यात्रा तीसरे दिन ग्राम पंचायत मुड़ागांव और रानीपरतेवा में पहुंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा में छुरा विकासखंड के अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश साहू जिला भाजपा अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तोकेश्वरी मांझी , जिला पंचायत सदस्य श्रीमती केशरी नोहर ध्रुव, पीलूराम यादव मण्डल अध्यक्ष छुरा, सरपंच प्यारेसिह दीवान,सोमन यदू, पंकज निर्मलकर मौजूद रहे।

भाजपा पदाधिकारियों व अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में गारंटी रथ पर लगी एलईडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन लाइव सुना। उन्होंने सभी गांवों के शिविर में सभी अधिकारियों से विभागीय स्टालों का निरीक्षण कर त्वरित निराकरण करने तथा अधिकाधिक योजनाओं का लाभ दिलाने निर्देशित किया। विकसित भारत के लिए शपथ ली गई। केंद्र व प्रदेश सरकार की अंत्योदय की भावना से क्रियान्वित योजनाओं की सराहना करते हुए आमजन को सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्री वितरण कर लाभार्थियों से संवाद किया। साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा में पारंपरिक सुवा कर्मा राऊत जस गीत पर छात्राओं द्वारा आकर्षक नित्य प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुड़ागांव के सरपंच प्यारेसिह दीवान द्वारा आभार व्यक्त करते हुए योजना की लाभ लेने सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम में ग्राम के अलावा आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### जनसेवा के प्रति समर्पित यात्रा

संबोधन में पीएम श्री मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को जनसेवा के प्रति समर्पित यात्रा बताया। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान कायम कर रहा है। ग्रामीण स्तर से लेकर उच्च स्तर तक हर आमजन को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सरकार प्रभावी ढंग से आगे बढ़ रही है। योजना का लाभ लेने के लिए सभी गांवों में यह योजना चलाई जा रही है।

## भेंडरी में धूमधाम से मनी गुरु घासीदास जयंती



**नवापारा-भेण्डरी।** गुरु घासीदास की जयंती बहुत ही धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में सतनामी समाज के धरम माण्डे, सेवक राम बांधे, जीवनदास डहरिया, रामजी जांगड़े,फेरहा सतनामी , चतुर सतनामी, गीता राम, मनोज कुमार,दिनेश जांगड़े सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

## नागरिकों ने किया पुलिस अफसरों का सम्मान



**छुरा।** नागरिक मंच ने जिले में पदस्थ पुलिस अधिकारियों का सम्मान किया गया, जिसमें अमित तुकाराम काम्बले अधीक्षक गरियाबंद , डीसी पटेल एडीशनल एसपी, अशोक वाडेगांवकर एडीशनल एसपी नक्सल, पुष्पेंद्र नायक एसडीओपी गोपाल वैश्य डीएसपी हैं। नागरिक मंच द्वारा लगातार रचनात्मक गतिविधियों का संचालन किया जाता है। सामुदायिक पुलिस खेलकूद में उपस्थित अधिकारियों का शाल, श्रीफल देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक नथमल शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, मानसिंह निषाद, रमेश शर्मा, ईस्माइल मेंमन, आरिफ बेग ,दिनु कोठारी, भोले शंकर जायसवाल ,सज्जन शर्मा उपस्थित थे। सभी ने पुलिस विभाग द्वारा नगर में संचालित खेलकूद एवं ट्रैफिक व अन्य कार्यों की सराहना कर उनका सम्मान किया गया ।

# परिणाम का विश्लेषण कर रणनीति बनाकर करेंगे काम




- उत्कृष्ट अभियान अंतर्गत देवभोग में विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक

**गरियाबंद।** उत्कृष्ट अभियान अंतर्गत आज देवभोग में विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार तथा शिक्षा में गुणवत्ता हेतु जिला प्रशासन द्वारा अभियान के रूप में कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है 1

मासिक परीक्षा परिणाम के आधार पर विकासखंड की समीक्षा हेतु आज अपर कलेक्टर अविनाश भोई एवं एसडीएम अर्पिता पाठक ने संस्था बार परीक्षा परिणाम की समीक्षा करते हुए कहा कि शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए हमें विषयवार एवं कक्षाबार परीक्षा परिणाम का विश्लेषण कर उसके अनुरूप रणनीति बनाकर कार्य करना होगा। जिन संस्थाओं का रिजल्ट अच्छा नहीं है वे अपने लिए लक्ष्य तय कर प्रयास करें। सभी संस्थाओं में संस्था प्रमुख के अलावा विषय शिक्षकों की भी जवाबदेही तय की जाएगी।



जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद एव उत्कृष्ट के नोडल अधिकारी मनोज केला ने परीक्षा में 40 प्रतिशत से कम प्राप्तांक वाले बच्चों के लिए रेमेडियल क्लास के माध्यम से अलग रणनीति बनाकर कार्य करने पर जोर दिया। ब्लॉक के मेधावी बच्चों के लिए उड़ान अंतर्गत मोटिवेशनल क्लास भी आयोजित किया गया। बच्चों को मेरिट में आने के लिए प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत किया गया।

बैठक में डीएमसी के एस नायक, एपीओ महेश पटेल, बीईओ देवनाथ बघेल, बीआरसी डी आर शोरी एवं सभी प्रिंसिपल उपस्थित थे।

## 107 लोगो ने किया 100 यूनिट रक्त का दान



**नवापारा-राजिम।** सोशल ग्रुप द्वारा रक्तदान शिविर के आयोजन में आशीर्वाद ब्लड बैंक के अधिकारी मेडिकल अधिकारी डॉ. गजाला सिद्दीकी, श्याम केशरवानी, भुनेश्वर देवांगन, धर्मेंद्र साहू, अपर्णा निषाद एवं सत्य साईं हॉस्पिटल ब्लड बैंक के मेडिकल अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद सलीम, हेमंत पटेल, प्रतीक डहरिया, सुश्री मंजू, हीरादास जांगड़े पहुंचे। इस शिविर में 107 रक्तवीरों का रजिस्ट्रेशन हुआ जिनसे 100 यूनिट रक्तदान प्राप्त हुआ । रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र एवं उपहार दिया गया। इस अवसर पर नगर के युवा प्रभात जैन ने बताया कि युवा और स्वस्थ व्यक्ति के लिए रक्तदान कोई नुकसान नहीं है। बीमार के लिए रक्तदान जीवन की आशा है, जीवन का सर्वश्रेष्ठ पुनीत कार्य रक्तदान है। रक्तदान करके किसी के जीवन को बचाया जा सकता है। नगर के युवा वर्गों द्वारा आयोजित इस शिविर को सफल बनाने हेतु सुनील पारख, सुनील कोचर, राजेन्द्र पारख, वीरेंद्र बैद, मितेश नथवानी, मनीष रायसोनी, विकास चंद्राकर, नितेश बाफना, शुभम टाटिया, वैभव पारख, अंकित गोलछा, विकास बाफना, विकास बंगानी, प्रभात जैन, विवेक झाबक, रीति बोथरा,अवनि रायसोनी का भरपूर योगदान रहा।

# महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना

- महिलाओं को धुआं व उससे होने वाली से मिल रहा छुटकारा

**रसेला।** गैस सिलेंडर की कीमत धीरे धीरे एक हजार से भी ज्यादा हो जाने से ग्रामीण अंचल में गैस चूल्हा का उपयोग कम हो गया था। परंतु अब गैस सिलेंडर में 500 रुपए की छूट मिलने से एक बार फिर गांव की महिलाओं का प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की तरफ आकर्षण बढ़ा है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना महिलाओं के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना में गरीब महिलाओं को निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन और बाद में प्रति सिलेंडर 500 की छूट दी जाएगी। घरेलू रसोई गैस मिल जाने से महिलाओं को भोजन बनाने में सहूलियत होने लगी है। पहले चूल्हे पर भोजन बनाने में लकड़ी व कंडों को जलाना पड़ता था। चूल्हे से बहुत धुंआ निकलता था, इससे महिलाओं की आंखों में जलन होती थी और भोजन बनाने में दिक्कत होती थी। ग्रामीण महिलाओं ने गैस सिलेंडर में 500 की छूट मिलने पर बताया कि सरकार की यह योजना बहुत अच्छी है। कम से कम महिलाओं को धुंआ से छुटकारा तो मिल गया। पहले धुंधा आंखों में चला जाता था और आंखो में जलन होती थी।

### कम समय में बन जाता है खाना

कुमारीबाई कहती है कि निःशुल्क गैस कनेक्शन के साथ सिलेंडर में 500 रुपए की छूट मिल जाने से अब भोजन बनाने में बहुत आसानी हो गयी है। पहले चूल्हा जलाने के लिए लकड़ी इकटठी करने की चिंता करनी पड़ती थी। अब गैस कनेक्शन मिल जाने से लाइटर से तुरंत गैस चूल्हा जल जाता है और भोजन भी जल्दी बन जाता है। खाना बनाने में कम समय लगता है और आराम भी मिल जाता है।

# दमकाडीह में बुड़ेनी स्कूल के स्वयंसेवकों ने दिया शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-भेण्डरी

- ग्राम के वृद्धजन का किया सम्मान

राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुड़ेनी द्वारा ग्राम दमकाडीह में सात दिवसीय विशेष शिविर के आयोजन में मुख्य अतिथि डगेश्वर सोनकर जनपद सदस्य तथा अध्यक्षता सरपंच कौशिल्या वर्मा द्वारा की गई। कार्यक्रम में ग्राम के वृद्धजनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्री सोनकर ने कहा कि एनएसएस के द्वारा ग्राम में विभिन्न जनजागरुकता कार्यक्रम चला कर लोगो को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, नैतिक विकास, नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। सरपंच प्रतिनिधि अजय वर्मा ने स्वयं सेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ग्राम दमकाडीह के बच्चे भी ऐसे कार्यक्रम में भाग लेवे तथा अपना व्यक्तित्व निर्माण कर विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़े ग्राम का नाम रोशन करें। संचालन प्रदीप ननवरे, छबि लाल साहू,चंद्रशेखर निषाद ने किया। स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न प्रकार के शिक्षा प्रद प्रहसन-नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी राजू साहू ने शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए ग्राम पंचायत तथा ग्रामवासियों का आभार प्रकट किया। भागीरथी सोनकर द्वारा संगीतमय भारत माता की आरती की गई। कार्यक्रम में उपसरपंच मुकुल निषाद ,जगत ध्रुव आदि मौजूद थे।



